# समाहरणालय, दरभंगा।

(जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, दरभंगा।)

प्रेषित, ज्ञापांक–..................

सहायक निदेशक
जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग
दरभंगा।

सेवा में,

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, दरभंगा/
जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, दरभंगा/
जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा/
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, (सर्व शिक्षा अभियान) दरभंगा/
सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला दरभंगा/
जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, सक्षम दरभंगा।

लहेरियासराय, दिनांक–..............................

**विषय** :– हेलेन केलर 140वीं जयन्ती के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में।
प्रसंग :– राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना के पत्रांक–896, दिनांक–18.06.2020

महाशय,

राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना के पत्रांक–896, दिनांक–18.06.2020 के द्वारा 140वीं हेलेन केलर जयन्ती (27जून,2020) के अवसर पर राज्य निवासी दिव्यांगजनों एवं उससे जुड़े व्यक्तियों व संस्थाओं व सरकारी व अधिकारीगण व अन्य के साथ **विविध ऑनलाईन मीडिया साधन यथा–विडियो कॉन्फ्रेसिंग, यूट्यूब, ट्वीटर, व्हाट्सएप्प आदि के माध्यमों से वर्चुअल ई–जन जागरूकता–सह–ई–संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांगजनों को** उनके अधिकारों के संरक्षण, उनके कल्याणार्थ संचालित योजनाओं, अपने समस्याओं/शिकायतों को मतदान का अधिकार के संबंध में जागरूक किये जाने का निदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त क्रम में दिनांक–27.06.2020 को 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिव्यांगजनों के साथ ई–संवाद के माध्यम से हेलेन केलर जयन्ती के थीम **"शत–प्रतिशत दिव्यांगजन करे अपने मताधिकार का प्रयोग (सरल, सुगम, समावेशी एवं बाधा रहित मतदान) एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम,2016 में प्रदत्त अधिकार (सुरक्षा, संरक्षण, पूर्ण भागीदारी, हिस्सेदारी एवं प्रोडक्टिव सीटीजन) मिले बिहार के हर दिव्यांगजनों के द्वार–द्वार"** के आलोक में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निम्न संसाधनों यथा–पंचायत स्तर पर गठित दिव्यांगजन समूह, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, विकास मित्र, ग्रामीण आवास सहायक के माध्यम से प्रखण्ड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रबंधक, सक्षम बिहार (बुनियाद केन्द्र) दरभंगा अपने स्तर से सभी तकनीकी कर्मी को अपने आवंटित प्रखण्ड में दिव्यांगजनों को ई–संवाद हेलेन केलर जयन्ती के थीम के आलोक में जागरूक कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

सिविल सर्जन, दरभंगा एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, दरभंगा से अनुरोध है कि अपने स्तर से विभिन्न संसाधनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को जागरूकता सुनिश्चित करायेंगे।

जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, दरभंगा से अनुरोध है कि अपने स्तर से 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिनांक–27.06.2020 को आयोजित उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से कराना सुनिश्चित करेंगे।

सभी स्वंयसेवी संस्था/रेडक्रॉस सोसायटी, दरभंगा से अनुरोध है कि वे अपने स्तर से दिव्यांगजनों की जागरूकता सुनिश्चित करायेंगे।

सभी संबंधित पदाधिकारी इस संबंध में की गई कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा करेंगे।

**अनुलग्नक** :– विभागीय पत्र।

विश्वासभाजन

सहायक निदेशक
जिला दिव्यांगन सशक्तिकरण कोषांग
दरभंगा।

ज्ञापांक–...135............... ।लहेरियासराय, दिनांक–.25-06-2020

**प्रतिलिपि** :– राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

25/06/2020

सहायक निदेशक
जिला दिव्यांगन सशक्तिकरण कोषांग
दरभंगा।

Scanned with CamScanner